(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि देश के दूर-दराज तथा पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क संचार का अभाव है और वहां मिडिल तथा हाई स्कूल 15-20 किलोमीटर दूर हैं और पैदल चल कर जाना पड़ता है, इसलिए लड़कियां अपनी पढ़ाई प्राथमिक या मिडिल स्तर पर छोड़ देती हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम एक छात्रावास सहित एक स्कूल खोलने के लिए अनुदान देने का है ताकि लड़कियों को अपनी पढ़ाई प्राथमिक स्तर पर न छोड़नी पड़े और महिला शिक्षा सम्बन्धी राष्ट्रीय नीति वास्तविक रूप में लागू हो सके ;

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यह शैक्षिक संस्थान कब तक खोले जाने की संभावना है ?

शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मंत्रालयों की राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल) : (क) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् द्वारा आयोजित (30 सितम्बर, 1978 की यथा-स्थिति के अनुसार) चौथे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के अनुसार 26.42% ग्रामीण जनसंख्या को 5 किलोमीटर के अन्दर मिडिल स्तर की कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसी प्रकार से 81.2% ग्रामीण जनसंख्या के लिए 8 किलोमीटर के अन्दर उच्चतम माध्यमिक कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

(ख) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

देश में निराश्रित विधवाओं/वृद्धों और विकलांगों की राज्य-वार संख्या

4946. **श्री हरीश रावत** : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय द्वारा देश में निराश्रित विधवाओं, वृद्धों और विकलांगों की संख्या का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) राज्यों द्वारा प्रतिवर्ष उनके कल्याण पर खर्च की जा रही धनराशि को देखते हुये सभी हकदार व्यक्तियों को कब तक लाभ मिलने की संभावना है ?

शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मंत्रालयों में उप मंत्री (श्री पी०के० थुंगन) : (क) 1981 जनगणना ने वृद्धों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की है जिससे 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों का अनुमान लगाना सम्भव है। 1981 में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने विकलांग व्यक्तियों से सम्बन्धित एक सर्वेक्षण किया था। निराश्रित विधवाओं की संख्या का अनुमान लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है।

(ख) दो विवरण, एक 60 और इससे अधिक आयु के वृद्ध व्यक्तियों का अनुमान दर्शाने वाला और दूसरा विकलांग व्यक्तियों का अनुमान दर्शाने वाला, सभापटल पर रखे जाते हैं। [ग्रंथालय में रखे गये। देखिये संख्या LT-7613/83]

(ग) इन श्रेणियों के व्यक्तियों के कल्याण के के लिए तैयार की गई विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को शामिल करने के लिए कोई समयरचना निश्चित नहीं की गई है।

Planning for Ports

4947. SHRI SATISH AGARWAL : Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether there is a great need for Port Planning and properly co-ordinated and well matched cooperation for improving Port Performance Programmes in the country]; and